दिनांक : 26 .05.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज गुजरात के दाहोद में 24 हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- उपराष्ट्रपति आज नरसिंहपुर में 3 दिवसीय कृषि उद्योग समागम का करेंगे उद्घाटन।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की विकसित भारत संकल्प पद यात्रा का आज दूसरा दिन।
- प्रदेश में तेज आंधी और बारिश से गर्मी से मिली राहत। आज भी कई जिलों में बारिश के लिये अलर्ट जारी।

पीएम-दाहोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के दाहोद में 24 हजार करोड रूपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। दो दिन के गुजरात दौरे में श्री मोदी दाहोद लोकोमोटिव विनिर्माण संयत्र का लोकार्पण करेंगे। इस सयंत्र से अगले 11 वर्षों में एक हजार दो सौ माल गाड़ी विद्युत इंजनों का विनिर्माण होगा।

21 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत से विनिर्मित इस कार्यशाला से आधुनिक उपकरणों के जरिए रेलवे की माल ढुलाई क्षमता बढेगी। प्रधानमंत्री मोदी नौ हजार हॉर्स पावर के विद्युत इंजन का भी शुभारंभ करेगे। यह देश का सर्वाधिक शक्तिशाली सिंगल इंजन है। प्रधानमंत्री भुज में 53 हजार चार सौ करोड रूपये लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ भी करेंगे।

उपराष्ट्रपति-दौरा

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश आ रहे हैं। श्री धनखड़ प्रदेश के नरसिंहपुर में तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम 2025 का उद्घाटन करेंगे। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाताः

कृषि उद्योग समागम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्य सरकार के कई मंत्री और कृषक संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। समागम 28 मई तक चलेगा। कृषि उद्योग समागम' का उद्देश्य प्रदेश की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रसंस्करण और मूल्य आधारित व्यवस्था से जोड़ते हुए निवेश, नवाचार और नौकरियों के नए द्वार खोलना है। समागम स्थल पर एग्री-हॉर्टी एक्सपो के तहत आधुनिक कृषि यंत्र, ड्रोन, एआई आधारित उपकरण, पॉलीहाउस, जैविक व नैनो उर्वरक, दुग्ध एवं गौशाला उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। समागम में आठ सरकारी विभागों द्वारा कृषि नवाचारों पर आधारित 90 से अधिक स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री-जबलपुर

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज जबलपुर के सेठ गोविंद दास शासकीय जिला अस्पताल परिसर में स्वतंत्रता सेनानी और लोकमत मीडिया समूह के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल कई गणमान्य अतिथि सम्मिलित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 9 जून को महत्वपूर्ण तिथि है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के सफल 11 साल पूरे होने जा रहे हैं। यह विशेष उपलब्धि है और इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि

प्रधानमंत्री श्री मोदी न केवल लगातार तीन कार्यकाल के लिए सरकार बनाने के लिए बधाई के पात्र हैं, बल्कि उन्होंने जो ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य से जुड़े मामलों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री दो दिन के नई दिल्ली दौर पर थे। इस दौरान उन्होंने नीति आयोग की गवर्निंग बॉडी की बैठक और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में हिस्सा लिया।

ऑपरेशन सिंदूर-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकाशवाणी से प्रसारीत मन की बात कार्यक्रम को कल जबलपुर के आर्मी हेडक्वार्टर में सेना के वीर जवानों ने सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर मध्यभारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत, सेना के वीर जवान, अग्निवीर सहित लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर जवानों ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के बीच आत्मीय संवाद का अवसर है। मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन में आतंक के खिलाफ प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए, ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेनाओं के साहस, शौर्य और पराक्रम के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की है।

अच्छी खबर-मंडला

मंडला जिले के कान्हा नेशनल पार्क में बाघ शावकों का अनोखा स्कूल चलाया जा रहा है। जहां शावकों को जंगल में रहने से लेकर शिकार तक का प्रशिक्षण दिया जाता है। जब वे पूरी तरह प्रशिक्षित हो जाते हैं, तब ही उन्हें जंगल में छोड़ा जाता है। और अधिक जानकारी के साथ जुड़ रहें हैं हमारे संवावदाता शशांक चौबे...........

वीओ-शशांक चौबे

ऐसे बाघ शावक जो जंगल मे आपसी लड़ाई के दौरान  बाघिन से बिछुड़ जाने या बाघिन को मौत हो जाने पर अनाथ हो जाते हैं। तब अनाथ हो चुके बाघ को घोरेला  रिवाईल्डिंग सेंटर में लाकर रखा जाता है। यहॉ उन्हें हर तरह से प्रशिक्षण देकर जंगल मे रहने लायक बनाया जाता है।  अब तक एक दर्जन से अधिक बाघ शावकों को शावकों प्रशिक्षण देकर उनकी जिंदगी बचाई गई है। कान्हा नेशनल पार्क में ये अनोखा स्कूल जब दो दशक पहले शुरू हुआ था,तब देश में इस तरह का पहला प्रयोग था,जो सफल साबित हुआ है। कान्हा नेशनल पार्क के डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल ने बताया कि.....

शिवराज सिंह पदयात्रा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार शहरों को विकसित करने के साथ ही गांवों को भी विकसित कर रही है, क्योंकि गांवों को विकसित किए बिना विकसित भारत का सपना पूर्ण नही हो सकता। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान कल सीहोर जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कल से शुरू हुई  इस पदयात्रा में श्री चौहान कल लाड़कुई, भादाकुई, छिंदगांवमौजी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

सर्वदलीय शिष्टमंडल

पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर वैश्विक राजनयिक संपर्क के लिये गठित सात सर्वदलीय शिष्टमंडल विश्व के विभिन्न देशों के दौरे पर है। कॉंग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय भारतीय शिष्टमंडल कल गयाना पहुंचा। गयाना में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में पूरी मजबूती और एकजुटता से तत्पर है। राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में एक अन्य शिष्टमंडल ने कल कतर में शीर्ष समाचारपत्रों की संपादकीय टीम के साथ बातचीत की। भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय शिष्टमंडल आज और कल कुवैत के दौरे पर होगा।

मौसम

प्रदेश में कई जिलों में तेज आंधी और बारिश से तापमान में कमी आई है। जिससे गर्मी से राहत मिली है। कल से नौतपा की शुरूआत हुई लेकिन खजुराहो को छोड़कर कहीं भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से उपर नहीं रहा। मौसम विभाग ने आज बुरहानपुर, खंडवा सहित 10 जिलों के लिए बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में भी हल्की बारिश की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- लोक शिक्षण संचालनालय ने कक्षा-10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा की तैयारी के लिये विशेष कक्षाओं के संचालन का निर्णय लिया है। इसके लिये निर्देश जारी किये गये हैं। परीक्षाएँ 17 जून से प्रारंभ होंगी।
- शिवपुरी में कल दान करें रक्त, बने देशभक्त नामक अभियान के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
- नर्मदापुरम में मूंग की जैविक कृषि और वैकल्पिक फसल के लिए किसानों को प्रेरित करने के लिए कृषक सम्मेलन सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 100 से अधिक किसान सम्मलित हुए।
- संघ लोक सेवा आयोग की यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा कल भोपाल में 50 केंद्रों पर आयोजित की गई। जिसने 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए।
- धार में कल राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पीजी कॉलेज  में सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।
- खंडवा में भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शनि मंदिर में धार्मिक उत्साह के साथ शनि जन्मोत्सव कल मनाया जाएगा।
- प्रदेश में आज वट सावित्री पूजन के अवसर पर महिलाओं द्वारा वट वृक्षों पर धागा बांधकर पूजा की जाएगी।

-------